भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1657

उत्तर देने की तारीख 28 नवंबर, 2019
7 अग्रहायण, 1941 (शक)

खेल संस्थाओं को वित्तीय सहायता

1657. श्री मितेष (आनंद) पटेल (बकाभाई):

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में खेलों के संवर्धन तथा विकास से जुड़े हुए विभिन्न संस्थाओं को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस संबंध में तय लक्ष्यों तथा प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन और विकास का प्रमुख उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का होता है । केन्द्रीय सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों के द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

गुजरात में अवसंरचना में कमियों को पूरा करने के लिए खेलो इंडिया स्कीम के 'खेल अवसंरचना का उपयोग और सृजन' नामक घटक के माध्यम से वित्तीय सहायता दी गई है । प्रदत्त सहायता का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है ।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से गांधीनगर (गुजरात) में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान और पोषण करने के लिए साई प्रशिक्षण केन्द्र (एसटीसी) और उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) स्कीमें भी कार्यान्वित कर रहा है । साई, गांधीनगर गुजरात के क्षेत्रीय केन्द्र में पिछले तीन वर्षों (2016-2019) के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं का विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	वर्ष	आवासीय प्रशिक्षु	गैर-आवासीय प्रशिक्षु	कुल प्रशिक्षु
1	2016-17	306	11	317
2	2017-18	314	10	324
3	2018-19	303	4	307

चयनित प्रशिक्षुओं को स्कीम के अनुमोदित मानकों के अनुसार विशेषज्ञ कोचों, खेल उपस्कर, भोजन और आवास, खेल किट, प्रतियोगिता एक्सपोजर, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा/बीमा और वृत्तिका के रूप में सहायता प्रदान की जाती है ।

****

अनुबंध

खेल संस्थाओं को वित्तीय सहायता के संबंध में श्री मितेष (आनंद) पटेल (बकाभाई) द्वारा दिनांक 28/11/2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1657 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात राज्य में अवसंरचना विकास के लिए खेलो इंडिया स्कीम के तहत संस्वीकृत अवसंरचना परियोजनाएं

(लाख रु.)

क्र.सं.	वर्ष	परियोजना का नाम	मंजूरी की तारीख	संस्वीकृत राशि	अभी तक जारी राशि
1.	2016-17	नारोदा, जिला अहमदाबाद में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बनाना	20.03.2017	700.00	250.00
2.	2017-18	देवगढ़ बरिया, जिला दाहोद में हाकी टर्फ ग्राउंड बिछाना	28.07.2017	467.00	250.00
3.		वालावाव, जिला वडोदरा में स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय परिसर में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण	08.12.2017	800.00	300.00
4.	2018-19	वालावाव, जिला वडोदरा में स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय परिसर में तरणताल का निर्माण	18.12.2018	500.00	300.00

****